उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक
UTTAR PRADESH GRAMIN BANK
(सरकार के स्वामित्वाधीन अनुसूचित बैंक)
(Scheduled Bank Owned by Government)

## आवश्यकता

### बैंकों से सेवानिवृत्त अधिकारियों / अन्य हेतु- संविदा पर वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक को अपने सेवा क्षेत्र के जनपदों- **आगरा, अमरोहा, बलिया, बलरामपुर, बुलंदशहर, चंदौली, एटा, इटावा, गाजीपुर, मैनपुरी, महराजगंज, मेरठ, मुजफ्फरनगर, संत कबीर नगर, सहारनपुर, संत रविदास नगर, सीतापुर, शाहजहांपुर, पीलीभीत और वाराणसी** में वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता के रूप में संविदा पर कार्य करने हेतु बैंक को निम्नलिखित योग्यतानुसार आवश्यकता है- **(Annexure-II)**

**(1) पात्रता मानदंड**

**(क) न्यूनतम योग्यता:**

- मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री। कृषि, पशु चिकित्सा विज्ञान, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, सामाजिक कार्य विषयों में परास्नातक डिग्री रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी |
- स्थानीय भाषा में प्रवीणता।
- शिक्षण में रुचि एवं कंप्यूटर संचालन का ज्ञान।

वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता पद हेतु आवेदक को बैंकिंग, बीमा, निवेश, पेंशन, विधि एवं वित्त का पर्याप्त ज्ञान तथा उत्कृष्ट संचार, टीम निर्माण एवं समस्या समाधान कौशल होना चाहिए|

**(ख) अनुभव मानदंड** (निम्न में से किसी एक में अनुभव आवश्यक):

किसी राष्ट्रीयकृत बैंक या क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (RRB) में कम से कम 5 वर्ष का कार्यानुभव रखने वाले पूर्व-बैंकर। अथवा

बैंकिंग/संबंधित क्षेत्रों, एनबीएफसी (NBFCs), अथवा वित्तीय संस्थानों में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव रखने वाले व्यक्ति।

अथवा

बिजनेस करेस्पोंडेंट (BC) अथवा बीसी-कोऑर्डिनेटर के रूप में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव रखने वाले व्यक्ति।

अथवा

आरसेटी (RSETI) में निदेशक के रूप में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव, अथवा संकाय सदस्य (Faculty) के रूप में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव।

**नोट:** हमारे बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

**(ग) आयु:** नियुक्ति के समय आवेदक की आयु 65 वर्ष या उससे कम हो|

**(2) संविदा की अवधि एवं मानदेय**: इस कार्य हेतु नियुक्ति एक वर्ष के लिए संविदा के आधार पर की जाएगी एवं जिस हेतु निश्चित मानदेय (Fixed) रु०15000/- एवं अन्य विविध खर्चों हेतु रु० 3000/- (अधिकतम- प्रदर्शन व अन्य मापदंडों के आधार पर) देय होगा |

**(3) अन्य पात्रता**: आवेदनकर्ता उसी जनपद या निकटस्थ जनपद का स्थायी निवासी हों जहाँ के लिए आवेदन किया जा रहा है अथवा अस्थाई निवास की स्थिति में आवेदनकर्ता, आवेदित जनपद में न्यूनतम तीन (03) वर्ष से निवास कर रहे हों (वैध दस्तावेज की प्रस्तुति पर मान्य) |

वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता के रूप में कार्य करने हेतु इच्छुक व्यक्ति, संलग्न प्रारूप पर पूर्ण रूप से भरा हुआ एवं वांछित प्रपत्रों के साथ आवेदन पत्र - **(Annexure-I)** निम्नलिखित पते पर प्रेषित कर सकते हैं | उक्त आवेदन पत्र बैंक के प्रधान कार्यालय को दिनांक 23 सितम्बर 2026, सायं 05 बजे तक अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए | निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा |

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक वित्तीय समावेशन विभाग प्रधान कार्यालय, लखनऊ

वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता का चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा तथा बैंक को बिना कारण बताये चयन स्थगित व निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है |

**आवेदन पत्र प्रेषित करने हेतु पता**

**महाप्रबंधक,**
**उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ,**
**प्रधान कार्यालय, द्वितीय व तृतीय तल,**
**एन.बी.सी.सी. कमर्शियल काम्प्लेक्स,**
**वरदान खंड, गोमती नगर एक्सटेंशन,**
**लखनऊ-226010**

दिनांक :-02-09-2026

**मुख्य प्रबंधक**

स्थान – प्रधान कार्यालय -लखनऊ

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक वित्तीय समावेशन विभाग प्रधान कार्यालय, लखनऊ